**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**तिथि** 19 **जुलाई 2024** **समय** 1810

- माइकोसॉफ्ट सॉफ़्टवेयर में बडे स्तर पर गड़बड़ी के कारण दुनिया भर में लाखों लोग प्रभावित
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के आगामी संस्करण के लिए मिले सुझावों पर प्रसन्नीता व्यंक्तअ की
- हरियाणा सरकार ने शिवरात्रि के अवसर पर कांवड़ियों की सुरक्षित यात्रा के लिए सभी तैयारियां कर ली हैं
- हरियाणा में CM फ्लाइंग स्क्वाड की टीम ने पलवल और अम्बाला जिले में कृषि विभाग द्वारा चलाई गई योजनाओ का निरीक्षण किया

---

माइकोसॉफ्ट सॉफ़्टवेयर में बडे स्तर पर गडबडी के कारण दुनिया भर में लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। इसने विश्व भर में कई व्यवसायों, बैंकिंग सेवाओं और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों के आईटी नेटवर्क को प्रभावित किया है। भारत में इंडिगो, अकासा और स्पाइसजेट एयरलाइंस के चेक-इन सिस्टम देश भर में बंद हैं। मुंबई हवाईअड्डे पर इससे सबसे अधिक असर पड़ा है, जबकि दिल्ली हवाईअड्डे पर प्रभाव न्यूनतम रहा, सबसे अधिक व्यवधान टर्मिनल 2 पर हुआ है। विश्व की एयरलाइनों ने बताया कि उनके चेक-इन सिस्टम में सुबह से खराबी आ रही है। इस समस्या के कारण अमरीका में उड़ानें रोक दी गईं और रद्द कर दी गईं।

इस बीच, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि उनका मंत्रालय इस संबंध में माइक्रोसॉफ्ट और उसके सहयोगियों के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि इस रुकावट के कारण की पहचान कर ली गई है और समस्या के समाधान के लिए अपडेट जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र का नेटवर्क प्रभावित नहीं हुआ है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के आगामी संस्करण के लिए मिले इनपुट पर खुशी जताई है. यह कार्यक्रम इस महीने की 28 तारीख को प्रसारित होने वाला है। आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा, उन्हें आगामी मन की बात कार्यक्रम के लिए कई इनपुट मिल रहे हैं। श्री मोदी ने कहा, उन्हें यह देखकर खुशी हो रही है कि कई युवा विशेष रूप से समाज को बदलने के उद्देश्य से सामूहिक प्रयासों पर प्रकाश डाल रहे हैं। प्रधान मंत्री ने लोगों से MyGov, NaMo ऐप पर इनपुट साझा करते रहने या 1800117800 पर अपना संदेश रिकॉर्ड करने का आग्रह किया।

हरियाणा सरकार ने शिवरात्रि के अवसर पर कांवड़ियों की सुरक्षित यात्रा एवं सद्भाव बनाने के लिए सभी तैयारियां कर ली हैं , इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अनेक श्रद्धालु हरिद्वार से कांवड़ लेकर आते हैं और श्रद्धालु यमुनानगर के रास्ते से कावड़ लेकर आते हैं। शिव भक्तों/कांवडिय़ों की सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध करने के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य मार्गों तथा अन्य मार्गो पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई हैं तथा कावड़ यात्रा के दौरान पुलिस विभाग पूरी तरह से सतर्क रहेगा और किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था एवं शांति भंग नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 22 जुलाई से 2 अगस्त 2024 तक चलने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह से सतर्क है। जिला यमुनानगर में भी कावड़ यात्रियों को लेकर अधिकारियों ने बैठक तैयारियों की समीक्षा की। पुलिस विभाग को विशेष ध्यान रखने और यातायात को बाधित न होने देने बारे निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा कावडिय़ों के लिए जगह-जगह जो शिविर लगाए जाएंगे उनकी अनुमति अपने-अपने उपमंडल के क्षेत्र में उपमंडल अधिकारी जगाधरी, बिलासपुर, रादौर से ली जा सकेगी तथा सभी शिविर सडक़ मार्ग से 200 फूट की दूरी पर हरिद्वार-सहारनपुर की तरफ से आते हुए बाई ओर लगाए जाएंगे तथा शिविरों का पंजीकरण समय से पूर्व संबंधित उपमंडल अधिकारी के कार्यालय से करवाया जाए।

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री  मूलचंद शर्मा ने आज जिला चरखी दादरी में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतों की सुनवाई के दौरान लोगों द्वारा की गई शिकायत पर जिला के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के एमवीओ को अपने काम को सही तरीके से न करने और जरूरी बैठकों को अनदेखा करने के कारण निलंबित कर दिया। बैठक के दौरान ओवरलोड को लेकर रखी गई शिकायत पर मंत्री ने कहा कि केवल चालान करना ओवरलोड समस्या का समाधान नहीं है। अधिकारी ओवरलोड पर सिरे से प्रतिबंध लगाएं। मूलचंद शर्मा ने सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण को कहा कि चरखी दादरी जिला पर विशेष ध्यान दें और साथ लगते जिलों में बात करके वहां भी सख्ताई करवाएं। उद्योग मंत्री ने बतया कि आज बैठक में कुल 14 शिकायतें रखी गई थी, जिनमें से 9 का मौके पर समाधान कर दिया गया है।

**रोहतक से सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान के तहत आज पाँचवे दिन बरोदा हलके के गाँव बुटाना अड्डे से गाँव गंगाना अड्डे तक पदयात्रा की। इस दौरान गाँव गंगाना के खेतों में धान की बुआई कर रहे किसानों से बातचित की। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार में बरोदा से लेकर सोनीपत और पूरा हरियाणा दुर्दशा का शिकार हुआ है। बरोदा विधान सभा चुनाव में बीजेपी ने अनेक वादे किये थे लेकिन उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया।  दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि उनका एक ही लक्ष्य है कि हरियाणा के नौजवान का भविष्य, हरियाणा के किसान का सम्मान, हरियाणा की बेटियों का मान-सम्मान, हरियाणा में संविधान, हरियाणा में जय जवान, जय किसान, जय संविधान का नारा बचना चाहिए। इस दौरान पदयात्रा में सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, बरोदा विधायक इंदुराज नरवाल,पार्टी के वरिष्ठ नेता समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व कार्यकर्ता मौजूद रहे।**

हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज रोहतक में अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा  कि कांग्रेस पार्टी को प्रदेश भर में मिल रहे जनसमर्थन से आगामी विधानसभा चुनाव में सरकार बनना तय है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री ने आम आदमी पार्टी के हरियाणा में अकेले चुनाव लड़ने पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के साथ सिर्फ लोकसभा चुनाव में गठबंधन था। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी के

राजनीतिक पार्टी बनाने पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इनेलो का समर्थन दिया था। चढूनी खुद पहले विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। उन्होंने एसवाईएल नहर के मुद्दे पर कहा की सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद नहर का निर्माण न होना सरकार की मंशा पर सवाल उठाता है।

..........................................................................................

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने मुक्त और दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) में खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी तरह के पहले स्नातक डिग्री कार्यक्रम की शुरूआत की है। खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रबंधन में स्नातक डिग्री कार्यक्रम खाद्य प्रसंस्करण और खाद्य सुरक्षा क्षेत्रों के विभिन्न हितधारकों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।इग्नू के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य प्रसंस्करण एक उभरता हुआ क्षेत्र है। बदलती जीवनशैली, खानपान की आदतें, शहरीकरण आदि के कारण प्रसंस्कृत और खाने के लिए तैयार खाद्य उत्पादों की मांग बढ़ रही है और यह उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। खाद्य उत्पादन के बदलते वैश्विक पैटर्न, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, तकनीकी नवाचार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ने खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता पेशेवरों की भारी मांग सृजित करना है।इस कार्यक्रम का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रबंधन के क्षेत्र में मानव संसाधन उत्पन्न करना, खाद्य विज्ञान, खाद्य प्रसंस्करण और खाद्य सुरक्षा जैसे बहु-विषयक क्षेत्रों में ज्ञान और कौशल बढ़ाना है। इस कार्यक्रम को करने के बाद खाद्य उद्योग/आतिथ्य संस्थानों में खाद्य सुरक्षा टीम लीडर/पर्यवेक्षक/प्रबंधक, गुणवत्ता नियंत्रण विभाग में तकनीकी अधिकारी, नियामक निकायों, खाद्य सुरक्षा विभाग आदि में खाद्य सुरक्षा अधिकारी/निरीक्षक, प्रमाणन और निरीक्षण निकायों में खाद्य सुरक्षा लेखा परीक्षक, प्रशिक्षण/परामर्श निकायों में स्व-रोजगार स्थापित किया जा सकता है।

इस कार्यक्रम में दाखिला लेने के लिए विज्ञान/कृषि विषयों के साथ 10+2 होना अनिवार्य है। दाखिले के लिए 6000 रुपये प्रति वर्ष प्लस पंजीकरण/विकास शुल्क देना होगा। दाखिला इग्नू की वेबसाइट www.ignou.ac.in पर 31 जुलाई, 2024 ले सकतें है।